दीप प्रज्वलन के माध्यम से टीबी बारे किया जागरूक

जिला कांगड़ा के देहरा स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी सप्त सिंधू परिषद -2 में रेड रिबन क्लब व सोशल वर्क विभाग ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत दीप प्रज्वलन का आयोजन किया । इस मौके पर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ संजीत सिंह ठाकुर ,सोशल वर्क विभाग के हेड डॉ. शशि पूनम ने बताया कि एक दिवसीय इस प्रतियोगिता के दौरान यूनिवर्सिटी   के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और दीप प्रज्वलन के माध्यम से टीबी के बारे में छात्रों को जागरुक किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. श्वेता शर्मा , सह संयोजक डॉ जयकांत सिंह , समन्वयक विवेक दत्ता और दिनेश ठाकुर रहे।